THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPTT. OF EDUCATION AND DEPTT. OF CULTURE) (KUMARI SELJA); (a) Co (e) Kendriya lya Sangathan has informed that 111 transfers of Principals/Vice-Principals have been ordered by Sangathan from 1-4-1994 to 30.11.1994 on various grounds including organisational/administrative exigencies and on requests made by the concerned employees, as per the provisions of the transfer guidelines.

Out of 111 cases of transfer orders issued, in 8 cases orders have been cancelled and in 33 cases the same have been modified on administrative/compassionate/medical grounds.

केन्द्रीय विद्यालयों के कार्यकरण का मूल्यांकन

577. **श्री आस मोहम्मद :**
श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने केन्द्रीय विद्यालयों के कुल प्रबंध और कार्यकरण का कोई मूल्यांकन नहीं किया है ; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) केन्द्रीय विद्यालयों व उनकी प्रबंध समिति के कार्यकरण की गहन व व्यापक समीक्षा करने के लिए उप मंत्री (शिक्षा व संस्कृति), मानव संसाधन विकास मंत्रालय की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय दर्जा प्रदान किया जाना

578. **श्री त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी :**
श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री 19 अगस्त, 1994 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न सं० 3311 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय स्तर प्रदान करने से संबंधित मामले की वर्तमान स्थिति क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में कब तक निर्णय ले लिए जाने की सम्भावना है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : इलाहाबाद विश्वविद्यालय के योजनेत्तर व्यय के वर्तमान स्तर का मूल्यांकन इस उद्देश्य हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गठित समिति द्वारा किया गया है। इस संबंध में इस समिति के विचार उत्तर प्रदेश सरकार को टिप्पणियों के लिए भेजे गए हैं। इस मामले पर उपयुक्त निर्णय, भारत सरकार को राज्य सरकारों की टिप्पणियां प्राप्त होने के पश्चात ही लिया जा सकता है।

"मिस्टेक वाइ मिनिस्ट्री" शीर्षक से समाचार

579. **श्री गोविन्दराम मिरी :**
श्री जे० एस० राजू :

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 4-10 सितम्बर, 1994 के साप्ताहिक "संडे मेल" के नई दिल्ली संस्करण में "मिस्टेक वाइ मिनिस्ट्री एडमिटस अर्जन सिंह" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त गलती अब सुधार ली गई है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप-मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) से (ग) जी, हां केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने सूचित किया है कि अगस्त, 1994 में पूछे गए तारांकित